EDII

Dainik Bhaskar

June 03, 2023

महिलाओं ने उद्यमिता में जो मेहनत की है, इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है- राज्यपाल पटेल

भारतीय उद्यमिता संस्थान और राष्ट्रीय महिला आयोग के राष्ट्रीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का शुभारंभ

भास्कर संवाददाता | उज्जैन

विक्रम कीर्ति मंदिर में शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का शुभारंभ हुआ। मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्यमंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्र भाई, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर भारतीय उद्यमिता संस्थान एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित उद्यमिता जागरूकता शिविर की शुरुआत की।

कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल पटेल एवं अन्य अतिथिगण।

कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल ने कहा महिलाओं ने उद्यमिता के क्षेत्र में जो मेहनत की है, इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। हमारी मातृ शक्ति की पहचान संकल्प और शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश महिलाओं के विकास के विजन को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस बार का केंद्रीय बजट भी इसी बात को रेखांकित करता है। महिलाओं को जी-20 के माध्यम से वैश्विक मंच मिल रहा है। आज विकास के मामले में पांच उद्यमियों में से एक उद्यमी महिला उभरकर सामने आ रही हैं। महिलाओं के आर्थिक विकास के मामले में स्व-सहायता समूह ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

कई वंचित वर्ग की महिलाओं ने अपने आप को साबित करते हुए न केवल परिवार, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दिया है। स्व-सहायता ग्रुप में जो बेटियां व बहनें आगे बढ़ रही हैं, वह पारिवारिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी कर रही हैं। केंद्र शासन द्वारा मुद्रा एवं स्टार्टअप योजनाओं से महिलाओं के विकास के नए आयाम खोल दिए हैं। राज्यपाल ने कहा उद्यमिता के लिए यह जागरूकता कार्यक्रम सीखने की प्रक्रिया को और तेज करेगा। केंद्रीय बाल महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री मुंजपारा महेंद्र भाई ने कहा केंद्र सरकार महिलाओं के विकास का एजेंडा लेकर चल रही है। उनके सशक्तिकरण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

केंद्र शासन की मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना व प्रधानमंत्री जनधन खातों ने महिलाओं को सशक्त करने में उल्लेखनीय कार्य किया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा देश की आधी आबादी महिलाओं की है। यदि इन्हें हम पीछे छोड़ देंगे तो आर्थिक प्रगति बाधित होगी। आज भारत में स्टार्टअप में महिलाएं सबसे आगे हैं। भारत सरकार ने भी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रखी हैं। आवश्यकता है तो महिलाओं के लिए नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म की, जहां पर वे अपनी बात रख सकें।

कार्यक्रम में भारतीय उद्यमिता संस्थान के संचालक सुनील शुक्ला ने कहा पिछले 10 वर्षों में जिस तरह से भारत का विकास हो रहा है, उसमें महिलाओं की भागीदारी स्पष्ट रूप से दिख रही है। उद्यमिता संस्थान 40 वर्षों से लगातार देश में कार्य कर रहा है। महिलाओं में चेतना आई है। जिससे वे उद्यमिता में आगे आ रही हैं। शुक्ला ने कहा उद्यमी पैदा नहीं होते, बनाए भी जाते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर उनका संस्थान कार्य कर रहा है। स्वागत भाषण राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव मीनाक्षी नेगी ने दिया। आभार अमित द्विवेदी ने माना।